# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

चित्रकूट। मारकुंडी थाना क्षेत्र के इटवा गांव निवासी गौरा देवी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है।

इटवा निवासी विश्वनाथ साहू ने बताया कि उसकी बहन गौरा देवी (४३) का विवाह २३ साल पूर्व नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश निवासी बबलू से किया था। शादी के एक साल बाद उसकी पति से नहीं पटी और वह इकलौती पुत्री के साथ मायके में आकर रहने लगी थी। रविवार की दोपहर को वह घर से निकल गयी। इसके बाद रात भर नहीं आई। स्वजन ने उसकी तलाश की पुलिस सूचना दी भी। जीआरपी से जानकारी आई कि एक महिला ट्रेन से कटी है। कुसमुही रेल लाइन के पास क्षत विक्षिप्त शव मिला उसके कपड़े से शिनाख्त की। मारकुंडी थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि जीआरपी और स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है।

उसके पैर के ऊपर का काफी हिस्सा पुलिस बरामद भी नहीं कर सकी है।स्वजन ने उसके मानसिक रुप से कमजोर होने की बात कही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंपा।


मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एडीजी, एसपी।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत जौनपुर-शाहगंज लुंबिनी मार्ग पर जपटापुर गांव के समीप सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान श्रवण गुप्ता (३५) पुत्र स्वर्गीय अच्छे लाल गुप्ता (निवासी मधुबन, थाना कंधरापुर, जनपद आजमगढ़) के रूप में हुई है। वह दशहरे के मेले में शाहगंज स्थित एक प्रतिष्ठान पर जलेबी एवं मिठाई बनाने के लिए सपरिवार आए थे। सोमवार सुबह करीब ७ बजे वह अपने साथी को कोईरीडीहा बाजार छोड़कर वापस शाहगंज लौट रहे थे, तभी जपटापुर के पास विपरीत दिशा से आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। श्रवण अपने परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे और अपने पीछे पत्नी एवं दो मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।


दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल एवं ट्रेलर।

## हवन यज्ञ और मंत्रोच्चार से गूंजे देवी पंडाल

चित्रकूट। महानवमी पर कई देवी पंडालों और घरों में हवन-यज्ञ और दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं और मां दुर्गा से सुख समृद्धि की प्रार्थना की। नवरात्रि में हवन को पूजा-अर्चना का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। इससे धार्मिक अनुष्ठानों का समापन करने और वातावरण को भक्तिमय बनाने की परंपरा जुड़ी है।

## देवी साधकों ने निकाले जवारे

चित्रकूट। नवरात्रि के नौवें दिन देवी साधकों ने जवारे निकाले। गाजेबाजे के साथ जवारे लेकर देवी गीतो की धुन में नाचते थिरकते नदी घाटो में पहुंचकर विसर्जन किया।

# डांट से क्षुब्ध युवती ने फंदा लगाकर दी जान

चित्रकूट। मोबाइल से बातचीत करने पर मां बाप ने बेटी को डांट कर पीट दिया। इससे क्षुब्ध होकर सदर कोतवाली क्षेत्र के कुलीतलैया गांव निवासी युवती ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती घर में अकेले थी। लौटकर आए परिजनों ने यह नजारा देखा तो होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार पंचनामा कराया। फारेंसिक टीम जांच पड़ताल की और पुलिस ने मोबाइल अपने कब्जे में लिया है।

शहर से सटे कुली तलैया गांव निवासी रामकृपाल निषाद ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे वह सब घर के बाहर थे। उसकी १८ वर्षीय पुत्री अंजूदेवी घर में ही थी। इसी बीच उसने कमरे में लगी धन्नी में साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। लौटकर आने पर स्वजन ने देखा तो पुलिस सूचना दी। कोतवाल अभयराज सिंह फारेंसिक और अन्य पुलिस टीम के साथ पहुंचे और युवती को फंदे से नीचे उतरवाया। बताया कि कुछ दिन पूर्व अंजू बिना बताए घर से कहीं चली गयी थी इस पर पुलिस सूचना मिली थी। पुलिस ने खोजबीन कर उसे स्वजन को सौंपा था। दो दिन से वह लगातार मोबाइल से अपने ब्वाय फ्रेंड से बात कर रही थी। यह बाद माता पिता को नागवार गुजर रही थी। रविवार को उससे मोबाइल छीन कर डांटा और दो थप्पड़ भी मारे। संभावना है कि इसी से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया है। पुत्री के कुछ दिन पूर्व बिना बताए रिश्तेदार के यहां जाने, पुलिस सूचना दिए जाने और मोबाइल को लेकर डांटने की बात स्वजन ने भी स्वीकार की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराया।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान सतर्क और मुस्तैद रहे पुलिसकर्मी-एडीजी

चित्रकूट। मूर्ति विसर्जन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण द्वारा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मूर्ति विसर्जन स्थल बुईयाबाई तालाब, सीतापुर, बनकट तालाब एवं दुर्गा तालाब का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गये। साथ ही किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके अलावा मूर्ति विसर्जन के

## विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें तालाब के अत्यधिक गहरे पानी में न जाने के लिए जागरूक करने तथा विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये। जिससे मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय, क्षेत्राधिकारी नगर सत्येन्द्र सिंह, प्रभारी यातायात हरिराम यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अभयराज सिंह उपस्थित रहें।

# मतदान स्थलों की सूची के संबंध में प्रस्तुत करें दावे-आपत्तियां

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पुलकित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम १९५१ की धारा-२५ के अधीन मैनुअल आन पोलिंग स्टेशन अक्तूबर २०२० के अध्याय-३ के प्रस्तर ३.२ के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार जनपद की २३६ चित्रकूट एवं २३७ मानिकपुर में विद्यमान मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन १२ सौ मतदान वाले मतदान स्थलों में सम्भाजन के पश्चात अनुलग्नन-१ पर आलेख्य मतदान स्थलों की सूचियां सर्वसाधारण की जानकारी के लिए समस्त मतदान केन्द्रों, रिटर्निंग आफिसर्स के कार्यालयों (तहसील) सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, सांसद, विधायकों के संज्ञान के लिए उपलब्ध करायी जा रही है एवं इसके अतिरिक्त डीईओ पोर्टल पर भी आलेख्य सूची सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध है।

सभी सम्बन्धित से अपेक्षा है कि प्रकाशित आलेख्य मतदान स्थलों की सूचियों के संदर्भ में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह विलम्बतम तिथि २६ अक्तूबर तक लिखित रूप से सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

# वनवासी एवं नट बस्तियों में चला बाल विवाह रोकथाम अभियान


मिशन शक्ति अभियान में लोगों को जागरूक करती पुलिस।

जौनपुर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से जनपद में 'मिशन शक्ति' के तहत विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस एवं महिला कल्याण विभाग ने आठ स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से जलालपुर की ताला मझवारा वनवासी बस्ती, बीबीपुर प्राथमिक विद्यालय, लाइन बाजार के धन्नोपुर और गौराबादशाहपुर की गजना नट बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये।

## दिलायी गयी शपथ

ताला मझवारा एवं धन्नोपुर में बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय ने कहा कि शिक्षा ही गरीबी के दुष्चक्र को तोड़ने और बच्चों के सुनहरे भविष्य की एकमात्र राह है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत विवाह की वैधानिक आयु (बालिकाओं के लिए १८ एवं बालकों के लिए २१ वर्ष) से पूर्व विवाह न करने का आह्वान किया। मानव तस्कर रोधी इकाई (एएचटीयू) के प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम ने बाल विवाह के शारीरिक एवं सामाजिक दुष्परिणाम गिनाए, वहीं महिला आरक्षी शिल्पा पांडेय ने किशोरियों को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने हाथ उठाकर गांव को 'बाल विवाह मुक्त' बनाने और किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ पर देने का संकल्प लिया। इस दौरान लिपिक राजकुमार मौर्य, विकास बेनुवंशी, सुनील यादव सहित विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# गोल्डन वारियर ने जीता फिक्स फाइफ बास्केटबाल टूर्नामेंटका खिताब

प्रयाग महिला विद्यापीठ कालेज में चल रहे फिक्स फाइफ बास्केटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को गोल्डन वारियर और विंड ब्रेकर्स के बीच खेला गया। इस रोमांचक खिताबी मुकाबले में गोल्डन वारियर ने विंड ब्रेकर्स को ७१-६७ अंकों से पराजित कर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। विजेता टीम की ओर से कप्तान मो. सैफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक ५१ अंक बटोरे। इसके अलावा कुणाल आर्यन ने १७ और आराध्या ने ०३ अंक प्राप्त किए। वहीं, उपविजेता रही टीम विंड ब्रेकर्स की तरफ से ओवैस ने ३२, निखिल



ने २९ और श्रुति ने ०६ अंक बनाए। इससे पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल में गोल्डन वारियर ने बुल्स को ४९-४७ अंकों के कड़े मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दूसरे सेमीफाइनल में विंड ब्रेकर्स ने शिकागो टीम को ६३-५१ अंकों से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया था। इस फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस द्वितीय के सभासद श्री बबलू रघुवंशी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर बास्केटबाल के वरिष्ठ खिलाड़ी प्रवीन मिश्रा, हसीब नवाज, पुनीत श्रीवास्तव, विपिन खत्री, सूरज दुबे, प्रतिक मिश्रा और राजेन्द्र कनौजिया सहित कई लोग मौजूद रहे। बुल्स बास्केटबॉल क्लब के प्रेसिडेंट दीपक सिंह ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

# महानवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भव्य श्रृंगार एवं पूर्णाहुति के साथ नवरात्र अनुष्ठान संपन्न

## परमानतपुर स्थित मां शारदा शक्तिपीठ में भोर से लगी कतारें, कन्या पूजन एवं भंडारे का हुआ आयोजन


दर्शन-पूजन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी पर शास्त्री नगर (परमानतपुर) स्थित श्री मां शारदा शक्तिपीठ (मैहर मंदिर) में आस्था एवं भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के मंदिर के कपाट खुलते ही मां भगवती का दिव्य श्रृंगार एवं महाआरती संपन्न की गयी। इसके उपरांत कलश विसर्जन, नवकन्या पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाहवन कर नौ दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णाहुति हुई। दर्शन-पूजन के लिए भोर से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी एवं मिष्ठान अर्पित कर परिवार के कल्याण की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए थे। अनुष्ठान में मुख्य यजमान रविकांत जायसवाल सपरिवार शामिल रहे, जबकि व्यवस्था संचालन रोहित जायसवाल ने संभाला।

# महिला सुरक्षा एवं योजनाओं की दी गयी जानकारी

चित्रकूट। मिशन शक्ति फेज-६ के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गयी।

एसपी अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम द्वारा थाना मारकुंडी द्वारा ग्राम दीपू कोलान में,थाना बहिलपुरवा द्वारा ग्राम मड़ैयन के पंडाल में,थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में,थाना मानिकपुर द्वारा ग्राम बारहमाफी चौकी हल्दी डांडी में,थाना सरधुवा द्वारा ग्राम पनौती में,थाना राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में,थाना रैपुरा द्वारा ग्राम कौबरा में भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-६ के अंतर्गत छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गयी।

# एमआईसी ए एवं जैदी क्लब ए को मिली जीत

## सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता

एमआईसी ए ने सावित्री देवी क्लब को पांच रन और जैदी इंडोर क्लब ए ने एएस हनुमानगंज को ४१ रन से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर सोमवार को खेले गए पहले मुकाबले में एमआईसी ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में छह विकेट पर १५२ रन (जियाद अहमद ३३, प्रांजल सिंह २९, अल्तमश २१, नितीश कुमार १८ और अंश यादव १३ नाबाद, विराज पटेल ३/१८ और प्रिंस पाल १/२६) बनाये। जवाब में सावित्री देवी क्लब की टीम आठ विकेट पर १४७ रन (शुभम




सोनकर २७, कमल सिंह चंदेल २५ नाबाद, विवेक यादव २१, गौरव पटेल १५, अल्तमश ३/२४, नितीश कुमार १/२३, अंश यादव १/३४) ही बना सकी। अल्तमश को समाजसेवी एवं आषाढ़ा (कौशाम्बी) के पूर्व प्रधान आबिद मंजूर ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में जैदी इंडोर क्लब ए ने २० ओवर में छह विकेट पर १३२ रन (देवांश कुमार स्वप्रिल ६०, हर्षित तिवारी १८, मयंक यादव ३/१४, अथर्व, शिवेंद्र सिंह और प्रशांत एक-एक विकेट) लिया। जवाब में एएस हनुमानगंज क्लब की टीम २० ओवर में सात विकेट पर ९१ रन (मयंक यादव १२ नाबाद, प्रशांत ने

## प्रयागराज खेल

११ हर्षित तिवारी २/०४, आर्यन २/२२, राहुल यादव और सृजन पटेल एक-एक विकेट) ही बना सकी। देवांश कुमार स्वप्रिल को पूर्व क्रिकेटर फरासत उल्ला ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में राहुल सिंह एवं मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद और शिशिर मेहरोत्रा ने स्कोरिंग की।

## सीनियर नेशनल हाकी चैम्पियनशिपमें भाग लेकर लौटे हैदर अली



१६वीं हाकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रयागराज के हैदर अली दादरा एवं नगर हवेली की टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का आयोजन १० से २१ अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले हैदर अली प्रयागराज के एकमात्र खिलाड़ी हैं। हैदर अली मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर कोच शाहबाज अली से हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उनके चयन और प्रतिभाग करने पर हॉकी से जुड़े अकील अब्बास रिजवी, मोहम्मद आरिफ और जुल नूरैन ने खुशी जताई। उन्होंने हैदर अली के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंडल स्तरीय अंडर-१४ क्रिकेट टीम घोषित

मंडल स्तरीय अंडर-१४ माध्यमिक विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग के लिए प्रयागराज की टीम घोषित कर दी गई है। पं. हनुमत दत्त त्रिपाठी इंटर कालेज इस्माइलगंज के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक वेद प्रकाश मिश्र के अनुसार टीम में आदित्य विश्वकर्मा, आरव सिंह यादव, समर्थ मधुबन, आदित्य शुक्ल, अथर्व गुप्ता, प्रखर सिंह, ईशान यादव, आयुष कुमार पाल, उस्मान गनी, मोहम्मद सोहेल, आयुष यादव, सौरभ तिवारी, अंशुमान मिश्रा, मानसा भारती, चिराग यादव और हनी कुमार गौतम शामिल हैं। कालेज के क्रीड़ाध्यक्ष हसबीन अहमद को टीम का कोच बनाया गया है।

# अंडर-१४ मंडलीय क्रिकेट ट्रायल कल से

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-१४ मंडलीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन २१ और २२ अक्तूबर को गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला के अनुसार दो दिनों तक चलने वाले इस ट्रायल में २१ अक्तूबर को सुबह नौ बजे वाराणसी एवं गाजीपुर के खिलाड़ियों को बुलाया गया है। इसके अगले दिन २२ अक्तूबर को सुबह नौ बजे इलाहाबाद (प्रयागराज) एवं गोरखपुर मंडल के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुलाया गया है। संबंधित मंडल के खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर गवर्नमेंट प्रेस मैदान पहुंचकर एसीए के कार्यालय सहायक संयोजक आशीष भारतीय (सूरज) अथवा अंकित पांडेय (सहायक संयोजक लेखा) से संपर्क करने के लिए कहा गया है।

# एंकोर्ड इलेवन एवं ईवीटीईक्यू इलेवन की जीत

सीसीटीवी कप क्रिकेट प्रतियोगिता में एंकोर्ड इलेवन और ईवीटीईक्यू इलेवन ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। एंकोर्ड इलेवन ने आईबीसीसी सीपूस इलेवन को आठ विकेट से हराया, जबकि ईवीटीईक्यू इलेवन ने एसीडीसीसी को ४६ रन से पराजित किया। दौलत हुसैन क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में आईबीसीसी सीपूस इलेवन ने १७.५ ओवर में १४६ रन (नावेद ५८, मोहम्मद यासीन २३, अजेंद्र सिंह पटेल ५/१५, मोहम्मद दाऊद २/३४) बनाये। जवाब में एंकोर्ड इलेवन ने १२.५ ओवर में दो विकेट पर १४७ रन (अविनाश यादव ७८ नाबाद, अजेंद्र सिंह पटेल नाबाद ३८, मोहम्मद दाऊद १६, मोहम्मद यासीन व मेराज खान एक-एक विकेट) बना लिए। अजेंद्र सिंह पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीएवी मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में ईवीटीईक्यू इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में छह विकेट पर १७९ रन (यासिर अली ७०, पप्पू ३८, अंजर खान २१, पीके

# पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिताके लिए चयन-ट्रायल २२ को

पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता (सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़) २३ से २९ अक्तूबर तक होगी। जिसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रयागराज मण्डल की टीम का चयन-ट्रायल मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियममें आयोजित किया जायेगा। जिलास्तरीय ट्रायल २२ अक्तूबर को सुबह नौ बजे एवं मंडल स्तर पर ट्रायल २२ को ही दोपहर १२ बजे होगा। प्रयागराज मण्डल के सभी अधीनस्थ जनपद (प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी) के क्रीड़ा अधिकारियों-प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है किया गया है कि वह अपने-अपने जिलों में ससमय जिला स्तरीय चयन-ट्रायल प्रक्रिया सम्पन्न कराते हुए चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों/टीम को २२ अक्तूबर को अपराह्न १२ बजे बजे तक मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मण्डल स्तरीय ट्रायल के लिए भेजना सुनिश्चित करें।

# प्रभु श्री राम का समुद्र संवाद और विनय का प्रसंग देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

चित्रकूट। धर्मनगरी के श्रीराघव प्रयाग घाट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामलीला उत्सव में मध्य प्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने शामिल होकर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना की। रामलीला के छठे दिन सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन, जिला पंचायत सतना की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डा नीलम चौरे, होटल एसोसिएशन चित्रकूट की वाइस प्रेसिडेंट संगीता जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष मझगवां रेणुका जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री अंजू वर्मा, डीआरआई से सीमा पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ के पूर्व तुलसी शोध संस्थान की निदेशक मंजूषा राजस जोहरी एवं जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डा प्रमिला मिश्रा द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा और उनके पावन नाम में यह असीम शक्ति है जिन पर कृपा राम करे, वो पत्थर भी तर जाते हैं। छठवें दिन रामलीला में वानर सेना निर्माण एवं समुद्र संवाद में माता सीता की खोज के बाद जब प्रभु श्री राम लंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र तट पर पहुंचते हैं। तब वानर सेना को लंका कूच के लिए तैयार किया जाता है। इसके बाद समुद्र देव से रास्ता मांगने के लिए प्रभु श्री राम का श्समुद्र संवादश् और विनय का प्रसंग बेहद मार्मिक ढंग से दिखाया गया। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास और वीर भारत न्यास के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में एक मंच पर अलग-अलग देशों की रामकथा परंपराएं प्रदर्शित की जा रही है। उपरोक्त आयोजन विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन की देखरेख में किया जा रहा है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने की सुदीर्घ एवं समृद्ध परंपरा रही है। श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों यथा जन्म, बाल लीलाओं, वनगमन, चित्रकूट में निवास, सीता हरण, हनुमान भक्ति, लंका विजय और अयोध्या वापसी को अभिनय, संवाद, संगीत, गायन एवं आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। सात दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश की प्रतिष्ठित लीला मण्डलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। संस्कृति विभाग, श्रीराम पथ गमन न्यास की ओर से कार्यक्रम का समन्वय कर रहे डा संजय मिश्रा ने बताया कि इस बार कलाकारों की प्रस्तुतियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हाईटेक ३डी विजुअल्स और भव्य साउंड इफेक्ट्स का उपयोग किया गया है। राम लीला के अंतिम दिन रूस के मास्को का 'दिशा रामलीला' दल रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक प्रसंग प्रस्तुत करेगा।

## आवश्यक सूचना

**संस्था-श्री गिरजा शंकर तिवारी इं मी. कालेज नीभापुर तहसील-महली शहर जौनपुर**

साधारण सभा की सूची वर्ष 2026-27 को पंजिकृत कराने हेतु सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं निट्स वाराणसी मण्डल वाराणसी में जमा किया गया है साधारण सभा के फुल 75 सदस्य है

साधारण सभा के सदस्यों के नाम

(1) रामप्रसाद यादव पुत्र श्री नाथ यादव (2) धनीराम कहार पुत्र अम्बिका प्रसाद (3) राज बहादुर पुत्र पुनवासी (4) हरीशंकर पुत्र केदारनाथ (5) मनोज कुमार पुत्र श्री कान्त (6) कपिल देव भानु प्रताप पुत्र रामप्रसाद (7) देवी शंकर पुत्र हरि शंकर (8) लालता प्रसाद पुत्र पारसनाथ (9) जटा शंकर पुत्र ऋषिराम (10) मुल्क राज पुत्र ऋषि राम (11) दया शंकर पुत्र जगदम्वा प्रसाद (12) कमला शंकर पुत्र राम प्रसाद (13) श्रीमती श्यामा देवी पत्नी देवी शंकर (14) सुवाष चन्द्र पुत्र राम सूरत (15) प्रेम चन्द्र पुत्र रामसूरत (16) राम प्यारे पुत्र लक्ष्मी नारायण (17) दिनेश कुमार पुत्र आद्या प्रसाद (18) काली प्रसाद पुत्र राम नरेश (19) रविन्द्र नाथ पुत्र उमा शंकर (20) विनय कुमार पुत्र चन्द्रिक प्रसाद (21) नागेन्द्र प्रसाद पुत्र शारदा प्रसाद (22) जय प्रकाश पुत्र रामचन्द्र (23) रामचन्द्र पुत्र शिव शंकर (24) विभूति पुत्र केदार नाथ (25) राजनाथ पुत्र राम अचल (26) हरिकेश कुमार पुत्र दूधनाथ (27) अरविन्द कुमार पुत्र अमरनाथ (28) कृष्ण देव पुत्र राज बली (29) जीतेन्द्र बहादुर पुत्र ह्रदय नारायण (30) सन्तोष सिंह पुत्र जीतेन्द्र बहादुर (31) विरेन्द्र कुमार पुत्र उदय भान (32) अशोक कुमार पुत्र आद्या प्रसाद (33) सियाराम पुत्र राम किशोर (34) राजित राम पुत्र सालिक राम (35) शीतला प्रसाद पुत्र समर बहादुर (36) प्रकाश मिश्रा पुत्र विश्वनाथ (37) राम चन्द्र पुत्र मनोगी (38) राम कैलास (भोला नाथ) पुत्र रामसकल (39) विजय शंकर पुत्र राज देव (40) राम निहोर पुत्र राजा राम (41) सुवाष चन्द्र पुत्र राजा राम (42) मेवा लाल पुत्र राम किशोर (43) गिरिजा विहारी पुत्र जगन्नाथ (44) श्याम विहारी पुत्र जगन्नाथ (45) लालजी पुत्र महादेव (46) जोखन लाल (मुन्ना) पुत्र पारस नाथ (47) शिव प्रसाद पुत्र राम नाथ (48) छोटेलाल पुत्र रामदेव (49) हरी नाथ पुत्र भभूती (50) राज मनि पुत्र मंगरु (51) राजपति पुत्र मंगरु (52) प्रताप नारायण पुत्र तीर्थराज (53) राम समुझ पुत्र विदेसी (54) जगत निवास पुत्र हरिहर प्रसाद (55) विरेन्द्र प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद (56) कैलाशनाथ पुत्र राम आज्ञा (57) सभा शंकर पुत्र हरिशंकर (58) रमा शंकर पुत्र रामनरेश (59) लाल जी पुत्र राम जगत (60) गुलाव चन्द्र पुत्र राम दुलार (61) फूलचन्द्र पुत्र वरमदीन (62) शारदा प्रसाद पुत्र राज वली (63) मनोज कुमार पुत्र शीतला प्रसाद (64) राधेश्याम पुत्र महादेव (65) राजेन्द्र प्रसाद पुत्र राम विलास (66) रवि कुमार पुत्र हरिशंकर (67) श्री मती साधना पत्नी संजय कुमार (68) कुमारी श्वेता पुत्री संजय कुमार (69) कु0 ऋचा पुत्री रवि कुमार (70) मुकेश कुमार पुत्र राम प्यारे (71) श्रीमती ममता पत्नी मुकेश कुमार (72) विजय कुमार पुत्र माता प्रसाद (73) अशोक कुमार पुत्र प्रेम नारायण (74) अजय कुमार पुत्र माता प्रसाद (75) अरुण कुमार पुत्र माता प्रसाद।

साधारण सभा के किसी भी सदस्य को आपत्ति है तो साक्ष्य सहित 15 दिन के अन्दर फर्म्स सोसाइटीज वाराणसी मण्डल वाराणसी में आपत्ति कर सकता है।

अध्यक्ष — अशोक कुमार मिश्र

प्रबन्धक/मंत्री — रवि कुमार तिवारी